आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.06.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति और घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय की अकादमिक व प्रशासनिक प्रगति की समीक्षा की।
- ऊधमसिंह नगर जिले के गदरपुर में बंगाली समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने बागेश्वर में स्वर्णकारों को हॉलमार्किंग और गुणवत्ता मानकों के बारे में जागरूक किया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों तथा अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।
दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं।

राज्यपाल बैठक

राज्यपाल व कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के डीएसबी परिसर में निदेशकों और संकाय अध्यक्षों के साथ बैठक कर विभिन्न संकायों में चल रही अकादमिक व प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी संकाय अध्यक्षों और निदेशकों ने अपने—अपने विभागों में संचालित शोध, नवाचार, परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय की एक विशिष्ट पहचान है, जिसे और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहां के स्वंय सहायता समूह बेहतरीन उत्पाद तैयार कर रहे हैं, जिन्हें बाजार से जोड़ने के लिए हैंड—होल्डिंग और तकनीकी सहयोग की जरूरत है। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए ई—कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग पर केंद्रित विशेष सेमिनार आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व गैर—शैक्षणिक कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

## पंचायत आरक्षण

चम्पावत जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आज पदों और स्थानों के लिए आरक्षण का निर्धारण कर दिया गया। जिले की चार क्षेत्र पंचायत प्रमुखों, 15 जिला पंचायत सदस्यों, 134 क्षेत्र पंचायत सदस्यों और 312 ग्राम पंचायतों सहित वार्ड सदस्यों के लिए आरक्षण का निर्धारण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि पंचायतों में आरक्षण के निर्धारण के लिए शासनदेश प्राप्त होने के बाद आज आरक्षण का अंतिम प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि इन पंचायतों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि आरक्षण निर्धारण में 14 और 15 जून को आपत्तियां दर्ज की जा सकती हैं। जबकि 16 और 17 जून को आपत्तियों का निस्तारण तथा 18 जून को आरक्षण का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

## कार्तिक स्वामी

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर में गत पांच जून से ग्यारह दिवसीय महायज्ञ व पुराण वाचन अनुष्ठान हो रहा है। इस बीच, आज मलेशिया से 57 यात्रियों का दल कार्तिक स्वामी मंदिर पहुंचा। वहीं, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से संचालित बदरी–केदार–कार्तिक स्वामी यात्रा के तहत भारत गौरव मानसखंड एक्सप्रेस से तीन दिन में तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के 211 श्रद्धालु कार्तिक स्वामी मंदिर पहुंचकर दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालु मंदिर के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पौराणिक महत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। कार्तिकेय मंदिर समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह नेगी और उप प्रबंधक रमेश सिंह नेगी ने बताया कि 15 जून को ग्यारह दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा।

## आजीविका मिशन प्रशिक्षण

केंद्र सरकार का महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन– एनआरएलएम, महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के साथ ही उनकी विरासतन कला को निखारने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन की तरफ से एनआरएलएम योजना के तहत मशीनरी और आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। गदरपुर की खंड विकास अधिकारी आतिया परवेज ने बताया कि एनआरएलएम के तहत ग्राम पंचायत चंदन नगर के रामबाग गांव की बंगाली समुदाय की 30 महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। उनकी विरासतन कला को समाहित करते हुए रजाई सिलाई, सिलाई कढ़ाई, बेडशीट, ब्लैंकेट, कपड़ों के बैग, कुशन आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रोथ सेंटर की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

समूह की सदस्य उर्मिला राय का कहना है कि सरकार ने समूह की महिलाओं के उत्थान के लिए जगह और मशीनरी के साथ ही प्रशिक्षण दिया है, जिससे महिलाएं आज आत्मनिर्भर हुई है।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस देहरादून शाखा की ओर से आज बागेश्वर में ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय स्वर्णकारों को हॉलमार्किंग, गुणवत्ता मानकों और अनुपालन प्रक्रियाओं के नवीनतम विकास के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया और नगर पालिका परिषद, बागेश्वर के अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने उपभोक्ता जागरूकता और ज्वैलर्स की जिम्मेदारी पर जोर दिया, जिससे सोने की शुद्धता और विश्वास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर बीआईएस के निदेशक व प्रमुख, सौरभ तिवारी ने बीआईएस प्रमाणन की महत्ता और सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।